NIOS/Acad/2021/317/24/H

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चत्तर माध्यमिक पाठ्यक्रम - राजनीति विज्ञान
पाठ 24: अच्छा शासन या सुशासन

कार्यपत्रक**–24**

Q.**1** "सुरक्षित और सुखी जीवन के उद्देश्य के लिए राज्य अस्तित्व में आया है" इस कथन के संदर्भ मे राज्य के कर्तव्यों को अपने शब्दों मे लिखिए ।

Q.2 "सुशासन लोगों को सामान और सेवाएं प्रदान करना है", इस कथन का क्या अर्थ अपने शब्दों में समझाइए।

Q.3 कौटिल्य की योजना में सुशासन की कुछ विशेषताओं का उल्लेख किया गया है , वह कौन सी विशेषताए है उन विशेषताओं को सूचीबद्ध कीजिए और अपने शब्दों मे समझाएं।

Q.4 "एशियन डेवलपमेंट बेसिक रिपोर्ट " ने सुशासन की चिंताओं के बारे में स्पष्ट रूप से आवाज उठाई है , सुशासन के लिए रिपोर्ट में उठाए गए प्रश्नों को सूचीबद्ध करके उन पर अपने विचार लिखिए।

Q.5 "नौकरशाही को अपने अच्छे और बुरे प्रदर्शन के लिए उत्तरदायी और जवाबदेह होना चाहिए **",** इस कथन की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

Q.6 शासन की जवाबदेह प्रणाली कुछ कार्यात्मक और व्यवहारिक लक्षणों को मानती है, उन लक्षणों को लिखिए और उस पर अपने विचार लिखिए।

Q.7 भारत में एक जवाबदेह प्रशासन के प्रसार को सुनिश्चित करने के लिए कई संस्थागत और कानूनी व्यवस्था की गई है, इस कथन के संदर्भ में निम्नलिखित समझाइए:

ए) केंद्रीय सतर्कता आयोग के प्रमुख कार्य

बी) महिलाओं के लिए राष्ट्रीय आयोगों का महत्व

Q.8 शासन की जवाबदेही देखने के लिए सरकार ने कुछ उपाय शुरू किए हैं , उपायों की सूची बनाइए और समझाइए।

Q.9 73वें और **74**वें संशोधन अधिनियम **1992** के माध्यम से आरक्षण ने महिलाओं और हाशिए **(**सीमांत**)** के समूह के सशक्तिकरण को प्रोत्साहित किया है, इस संशोधन का विवरण लिखिए और अपने शब्दों मे समझाइए।

Q.10 "सुशासन के लक्ष्य को हम विभिन्न उपायों के द्वारा प्राप्त कर सकते हैं **";** इस कथन के संदर्भ में निम्नलिखित का उत्तर दीजिए:

A. सुशासन के लिए लोगों की भागीदारी ने एक प्रमुख भूमिका निभाई है , अपने राज्य के संदर्भ में कथन की व्याख्या कीजिए।
B. सुशासन में कंप्यूटर और प्रौद्योगिकी की भूमिका।